सीसीआई
CCi

सीमेन्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
Cement Corporation of India Limited
(A Government of India Enterprise)

संजय बांगा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
Sanjay Banga
Chairman & Managing Director

दिनांक: 15-08-2026

प्रिय साथियों,

हमारे **80वें स्वतंत्रता दिवस**, दिनांक **15 अगस्त 2026**, के पावन अवसर पर आप सभी एवं आपके परिवार के सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर आइए, हम उन महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों को कृतज्ञतापूर्वक स्मरण करें, जिन्होंने राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। साथ ही, हम अपने वीर जवानों को नमन करें, जो निरंतर देश की संप्रभुता, अखंडता एवं सुरक्षा की रक्षा नितांत चुनौतीपूर्ण वातावरण में कर रहे हैं।

इसके साथ ही इस स्वतंत्रता दिवस पर, हम **राष्ट्र-निर्माण एवं पर्यावरण संरक्षण** के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएँ और निम्नलिखित पहलों में सक्रिय रूप से भागीदारी सुनिश्चित करें :

- **हर घर तिरंगा अभियान:** अपने घरों एवं कार्यस्थलों पर गर्व एवं सम्मान के साथ तिरंगा फहराएँ तथा इसके गौरवशाली मूल्यों को आत्मसात करें।
- **नशा मुक्त भारत अभियान:** स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त कार्यस्थल तथा समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।
- **विशेष अभियान 6.0:** कार्यस्थल की स्वच्छता को बढ़ावा दें, लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें तथा **ई-वेस्ट प्रबंधन** कर इलेक्ट्रॉनिक कचरे के उचित संग्रहण, पुनर्चक्रण एवं निस्तारण की जिम्मेदार आदतें अपनाकर स्वच्छ एवं हरित भविष्य के निर्माण में योगदान दें।

इसके साथ ही, भावी पीढ़ी के प्रति अपने दायित्व को निभाते हुए एवं 2047 के पूर्ण विकसित भारत के प्रति कदम बढ़ाते हुए अपने कार्यों को पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वाहित करें एवं हम संकल्प लें कि **CCI के संसाधनों का पूर्ण समर्पण, जिम्मेदारी एवं दक्षता के साथ उपयोग करते हुए**, राष्ट्र की प्रगति एवं विकास में अपना सार्थक योगदान देंगे।

जय हिन्द! जय भारत !

संजय बांगा
(संजय बांगा)